भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †5165
सोमवार, 03 अप्रैल, 2023/13 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**राष्ट्रीय पर्यटन परिषद**

**†5165. श्री रघु राम कृष्ण राजूः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का माल और सेवा कर (जीएसटी) परिषद की तर्ज पर राष्ट्रीय पर्यटन परिषद की स्थापना करने का विचार है लेकिन अब तक इसका सृजन नहीं किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार ने नई/संशोधित राष्ट्रीय पर्यटन नीति तैयार की है/कार्यान्वित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या नई पर्यटन नीति पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए पर्याप्त नहीं है और इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारों को सीधे सिफारिशें करने के लिए राष्ट्रीय पर्यटन परिषद के गठन में तेजी लाने की आवश्यकता है; और

(घ) सरकार द्वारा पर्यटन को समवर्ती सूची में शामिल करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं जिससे भारतीय पर्यटन क्षेत्र के मुद्दों को सरल बनाने में मदद मिलेगी क्योंकि पर्यटन एक बहु-क्षेत्रीय गतिविधि है और इस संबंध में कितनी प्रगति हुई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा हाल ही में किए गए विभिन्न विकास कार्यों के आधार पर एक राष्ट्रीय पर्यटन नीति का मसौदा तैयार किया गया है। इस नीति का लक्ष्य देश में पर्यटन विकास के लिए कार्यढांचा सम्बन्धी स्थितियों को बेहतर बनाना, पर्यटन उद्योग को सहायता प्रदान करना, पर्यटन समर्थित कार्यों को मजबूत करना और पर्यटन उपक्षेत्रों का विकास करना है। नीति के प्रमुख कार्यनीति सम्बन्धी उद्देश्य है:-

(i) यात्रा, आवास और व्यय में वृद्धि द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यटन के योगदान को बढ़ावा और भारत को पूरे वर्ष यात्रा करने योग्य पर्यटक गंतव्य बनाना,

(ii) पर्यटन क्षेत्र में नौकरियों और उद्यमिता के अवसरों का सृजन करना और कुशल श्रमशक्ति की आपूर्ति सुनिश्चित करना,

(iii) पर्यटन क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करना और निजी क्षेत्र निवेश को आकर्षित करना,

(vi) देश के सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और उनकी वृद्धि करना,

(v) देश में पर्यटन के स्थायी, जिम्मेदार और समावेशी विकास को सुनिश्चित करना।

इस नीति में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय पर्यटन सलाहकार परिषद (एनटीएसी) की व्यवस्था की गई है और देशमें पर्यटन क्षेत्र के विकास को समग्र विज़न, मार्गदर्शन और दिशा प्रदान करने के लिए सभी राज्यों के पर्यटन मंत्रियों, सम्बन्धित मंत्रालयों और औद्योगिक हितधारकों के प्रतिनिधियों को इसमें शामिल किया गया है।

यह नीति पर्यटन उद्योग के समक्ष आने वाली प्रमुख और बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने और देश में पर्यटन क्षेत्र का विकास करने के लिए केन्द्र सरकार का सम्बन्धित मंत्रालयों के साथ-साथ अनुसरण करती है।

*******